हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025



# नवागांव घटनाः अस्पताल में भर्ती अधेड़ की भी मौत, चक्काजाम कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नवागांव क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें एक युवक की घटना दिनांक को ही मौत हो गई थी। वहीं इस वारदात में एक और व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत होने की खबर है। इलाज के दौरान अधेड़ की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में पुलिस महकमे के खिलाफ जोरदार आक्रोश देखने को मिला। परिजनो के साथ वार्ड के लोगों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान परिजनों ने लापरवाही को देखते हुए चौकी प्रभारी को हटाने की भी मांग करते हुए अपनी नाराजगी भी जताई।

मामले की जानकारी मिलने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े किए है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नवागांव में 7 सितंबर की रात्रि आरोपियों द्वारा मारपीट एवं चाकूबाजी की घटना की गई थी। इस दौरान बीच-बचाव करने आए राकेश ढीमर एवं किशन राजपूत से मारपीट करते आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था एवं आशीष ठाकुर के सिर पर वारकर घायल कर दिया गया था, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान राकेश ढीमर की मौत हो गई थी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपी एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर कार्रवाई की है। वहीं इस मामले में अन्य फरार आरोपियो की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई है।

## चौकी प्रभारी को हटाने की मांग, पुलिस पर लापरवाही के आरोप, पूर्व सीएम ने भी उठाए सवाल

### उपचार के दौरान मौत

पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना में किशन राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे रायपुर चिकित्सालय रिफर किया गया था। बताया गया कि उसका भी इलाज के दौरान मौत हो गया। इधर इस घटना की खबर से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का वातावरण निर्मित हो गया है। उक्त घटनाक्रम के दौरान नवागांव में काफी बवाल मचा था। लोगों ने एक कार और मोपेड को भी आग के हवाले कर दिया गया था।



### पुलिस की रही नजर

दूसरे दिन अधेड़ की मौत के बाद जनता में आक्रोश की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमा भी अलर्ट मोड पर था। चिखली पुलिस चौकी के अलावा सीएसपी सहित अन्य थानों के अफसरों को भी निर्देशित कर मामले में अलर्ट रहने कहा गया था। वहीं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए बल तैयार रखा गया था।

### खबर मिलते ही भीड़ जुटी

इस घटना में गंभीर रूप से घायल किशन राजपूत नगर निगम का कर्मचारी थी। उसकी दूसरे दिन मौत की खबर सामने आने के बाद परिजनों में भी जमकर नाराजगी देखने को मिली। परिजनों ने बताया कि घटना से पहले कई दफा पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन उनकी लापरवाही के चलते यह सब हुआ। इधर मौत की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर के करीब पड़ोसियों की भीड़ जुट गई थी। आंदोलन की भी तैयारी की जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### पैसे की मांग, युवक पर चाकू से हमला

**राजनांदगांव।** पेट्रोल डलाने के लिए पैसे की मांग करते आरोपियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया। घटना की सूचना पर पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के पारीनाला के पास आज सुबह के समय पारीनाला के पास एक युवक टेक प्रसाद को अज्ञात आरोपियों ने पेट्रोल डलाने के नाम पर पैसे की मांग करते चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बताया गया कि घायल युवक को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।

बताया गया कि उक्त युवक आयुर्वेदिक कॉलेज का छात्र है। इधर इस घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

## घटना के बाद गांव में शोक की लहर

# विसर्जन के दौरान दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

गणेश विसर्जन जैसे शुभ अवसर पर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के दो गांव में दुखद हादसा हो गया। जिससे पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। गणेश विसर्जन कार्यक्रम के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

पहली घटना चिखली गांव की है, जहां 35 वर्षीय बल्देव कंवर पिता कृष्णा कंवर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बल्देव विसर्जन के लिए पानी में उतरा था, लेकिन गहराई में चले जाने के कारण वह वापस नहीं निकल सका। सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीणों ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसे से चिखली गांव में शोक की लहर है और मृतक के घर में मातम का माहौल है।



दूसरी घटना जंतरगुंडरा गांव में हुई, जहां नोहर सिंह सलामे पिता शिवकुमार सलामे (23 वर्ष) की भी विसर्जन के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई। यहां भी विसर्जन के समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई की।

### पर्याप्त इंतजाम नहीं

पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं कि सार्वजनिक जल स्रोतों पर विसर्जन कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए जाते। दोनों गांव में इन हादसों से गहरा दुख व्याप्त है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए जरूरी कदम उठाया जाए।

# दो महीने से नहीं मिला वेतन, डायल 112 के कर्मचारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

24 घंटे पुलिस सहायता में काम करने वाले डायल 112 वाहन के वाहन चालकों को बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें आर्थिक तंगी के हालात से गुजरना पड़ रहा है। डायल 112 के कर्मचारियों ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर 2 माह से रूका वेतन दिलाने, वेतन वृद्धि और अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की है।



लगभग 25-30 की संख्या में डायल 112 के वाहन चालक पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और भारतमाता की जयघोष करते अपनी समस्याओं को रखा। डायल 112 के चालक गिरवालाल साहू ने कहा कि राजनांदगांव में 25 डायल 112 के वहां है। जिसमें 75 चालक हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि उन्हें समय पर पेमेंट मिलना चाहिए। वहीं उन्होंने कलेक्टर दर पर वेतन वृद्धि की मांग की है।

**ठेका प्रथा बंद करने की मांग :** एसपी कार्यालय पहुंचे वाहन चालकों ने मांग की है कि डायल 112 के वाहन चालकों को डायरेक्ट संबंधित विभाग से वेतन दिया जाए और ठेका प्रथा बंद किया जाए, ताकि 112 के वाहन चालकों को सम्मानपूर्ण वेतन कलेक्टर दर में मिल सके।

### नियमितीकरण की गुहार

डायल 112 के कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2016-17 से डॉयल 112 एबीपी ट्रैवेल्स फेन्सलिटी मैनेजमेंट प्राईवेट लिमिटेड में वाहन चालक के पद पर भर्ती हुए थे। उन्होंने कहा कि अब तक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करते आ रहे हैं। प्रतिमाह वेतन 8605 रुपए ही दिया जा रहा है और किसी भी तरह का अन्य भत्ता नहीं दिया जाता है। उन्होंने अपने ज्ञापन में मांग की है कि सभी प्रकार के भत्ते प्रदान किया जाए। वहीं उन्होंने वाहन चालक के पद पर नियमितीकरण की मांग की है।

# डिपार्टमेंट में लगाया ताला बाहर बैठकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में छात्रहित की मांग को लेकर महाविद्यालय के ऑ टो नॉ म स डिपार्टमेंट में पुलिस की मौजूदगी के बीच भी ताला लगाने में सफल रहे ।



एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने कहा कि विगत दिनों महाविद्यालय के बी. कॉम के छात्रों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात की गई थी, क्योंकि बी. कॉम सेकंड सेमेस्टर के बिजनेस मैथेमेटिक्स विषय में बहुत से छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। जबकि छात्रों का कहना है कि एक ही विषय में बहुत छात्र कैसे अनुत्तीर्ण हो सकते हैं। जबकि उनका पेपर अच्छा बना है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय लगातार नए-नए नियमों का हवाला देकर अपने दायित्वों से पीछे नहीं हट सकता है। उन्होंने मांग करते कहा कि छात्रों को उनके पेपर की हार्ड कॉपी देना चाहिए और आंसर शीट रिचेक करना चाहिए। अपने प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई के प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति, उज्ज्वल निर्मलकर, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, जयंत पटेल, हर्ष साहू, राहुल साहू, मीनाक्षी, झरना देवांगन, उषा यादव, मोनिका निषाद, उमेश्वरी, गोविंद, खुशबू, प्रमोद, ओजस सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के लिए न्याय की मांग

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव ने बताया कि अगर छात्रों का पेपर रिचेक नहीं होता है और वह छात्र उत्तीर्ण नहीं होते हैं तो उनका पांचवे सेमेस्टर में एडमिशन नहीं हो पाएगा और उनका साल बर्बाद हो जाएगा, छात्रों के साथ न्याय होना चाहिए। वहीं छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने कहा कि यह शिक्षा की नीतियों की लड़ाई है। इस नीति से छात्र-छात्राओं को शिक्षा से दूर करने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। सरकार चाहे तो नीतियों में संशोधन कर सकती है।

# विसर्जन जुलूस में हत्या करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पुरानी रंजिश के चलते अपचारी ने की हत्या
- पीठ, भुजाओं और बगल में चाकू से वार

गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के महज बारह घंटे के भीतर पुलिस ने हत्या के जिस आरोपी को हिरासत में लिया है, वो विधि से संघर्षरत नाबालिग है।

जिसके चलते उसे पूछताछ में जुर्म स्वीकार करने पर विधि अनुसार किशोर न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया। गौरतलब है कि दाऊचौरा गणेशोत्सव समिति द्वारा गणेश विसर्जन को लेकर झांकी निकाला गया था। झांकी ईतवारी बाजार से होते हुए सोमवार सुबह पांच से छह बजे के बीच सांस्कृतिक भवन के सामने मेन रोड तुरकारीपारा पहुंची, उसी दौरान डीजे की धुन में नाचते-गाते दीपक पिता रमेश यादव को उसी के दाऊचौरा वार्ड के नाबालिग ने पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के चलते हत्या करने के उद्देश्य से उसके पीठ, दोनों भुजाओं और बगल में पीछे से लगातार चाकू से प्राणघातक वार कर मौके से फरार हो गया था।

### आरोपी को भेजा बाल संप्रेक्षण गृह

घायल दीपक यादव को गणेशोत्सव समिति के युवक मोटर साइकिल से सिविल अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना खैरागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह रवाना कर दिया गया।

# एनएचएम कर्मचारियों ने किया जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

23 दिनों से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने आज शहर के रानीसागर में उतरकर जल सत्याग्रह किया और सरकार से मांगे पूरी करने कहा।

एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल स्थल से नारेबाजी करते रैली निकाली और शहर के रानीसागर में उतरकर अपनी मांगों को पूरी करने जल सत्याग्रह किया। एनएचएम के इस आंदोलन को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन दिया। इस दौरान निखिल द्विवेदी ⏩ शेष पेज 14 पर



### उग्र आंदोलन की चेतावनी

एनएचएम कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि सरकार एनएचएम कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को शीघ्र मांग पूरी करना चाहिए। अगर मांग पूरी नहीं होती है तो एनएचएम कर्मचारियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।






## खबर संक्षेप



### सोहन चुने गए अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** नगर साहू समाज लाल बहादुर नगर का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से सोहन साहू अध्यक्ष एवं खेदू साहू सचिव बने है। उपाध्यक्ष जिवराखन साहू, संगठन सचिव लोकेश साहू, कोषाध्यक्ष कन्हैया साहू को चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नोबल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, पवित साहू, राजकमल साहू, सोमनारायण साहू, भूमेश साहू, हेमंत साहू, दिगंबर साहू, प्रीतम साहू, हुकुमचंद साहू, मृग लाल, रामजी, छविधर, सुनील, मंगलू, टिकेश्वर, रूपराम, देवादास, भुखन साहू, विनोद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान 23 से

**डोंगरगढ़।** मारवाड़ी धर्मशाला का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। आगामी 23 सितम्बर से अक्टूबर तक इच्छुक लोग संरक्षक श्रेणी के लिए 501, आजीवन श्रेणी के लिए 251 एवं साधारण श्रेणी के लिए 101 रूपए जमा कर सदस्य बन सकते है। जानकारी के अनुसार सदस्य बनने के लिए न्यूनतम 18 वर्ष आयु अनिवार्य है। अधिक जानकारी मारवाड़ी धर्मशाला के अध्यक्ष किशन अग्रवाल से प्राप्त किया जा सकता है।

### शिक्षिका कोनिका को मिलेगा राज्यपाल पुरस्कार

**डोंगरगांव।** शिक्षिका कोनिका सोनी का चयन राज्यपाल पुरस्कार के लिए हुआ है। उन्हें यह पुरुस्कार सत्र 2025-26 में दिया जाएगा। श्रीमती सोनी सेवानिवृत्त शिक्षक स्व एमआर सोनी एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक स्व श्रीमती के सोनी की पुत्रवधू तथा दिवाकर सोनी की धर्मपत्नी है। श्रीमती सोनी जिस स्कूल में रही वहां बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी और उन्हें हमेशा आगे बढने के लिए प्रेरित किया। चिचदो स्कूल को अपनी कल्पना और बच्चों के अनुरूप बनाने के लिए स्कूल के कमरों को रेलगाड़ी के रूप में परिवर्तित कर दिया। श्रीमती सोनी के चयन की घोषणा गत 5 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान सम्मेलन में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की।



### साक्षरता मिशन से लाखों हुए साक्षर

**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में 8 सितंबर को साक्षरता दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने बताया कि साक्षरता अभियान 1966 में युनेस्को ने आरंभ किया था। भारत में यह अभियान 1988 में प्रारंभ हुआ।उन्होंने बताया कि इस मिशन से शिक्षा का महत्व आम लोगों तक पहुंचा हैं और लाखों लोग साक्षर हुए हैं। इसी कड़ी में भावना निषाद, गीतांजलि साहू, पूजा धनकर ने अपने विचार प्रकट कर साक्षरता मिशन को बढाने संकल्प लिया। तत्पश्चात हिमानी साहू ने विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साक्षरता अभियान शिक्षा के उद्देश्य और अधिकार को हासिल कराता है। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होता बल्कि यह जीवन भर काम आता है इसलिए सबको साक्षर होना चाहिए। कार्यक्रम में लक्ष्मी साहू, नेहा, उपासना, पूजा, वेनुका, तनु ठाकुर, गितेश, मुरली साहू, गोवर्धन निर्मलकर, डुलेशवर, अतिथि व्याख्याता चन्द्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, डा काव्या जैन, डा संजुसिंह, डा हेमलता विरदी, कंचन साहू, शुभि जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर आदि उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### स्वास्थ्य शिविर आज

**घुमका।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका में कल 10 सितम्बर बुधवार को छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

---

धर्मनगरी में सालों से चल रही सम्मानित करने की परंपरा, विसर्जन देखने उमड़ा लोगों का सैलाब

# समितियों ने किया विसर्जन झांकियों को पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़





दस दिनों तक पूजा अर्चना के बाद अनंत चतुर्दशी को श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रथम पूज्य गणेश प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया। विसर्जन के मौके पर विभिन्न समितियों ने नयाभिराम झांकियां निकाला था। विभिन्न समितियों और संस्थाओं ने आकर्षक झांकियों को पुरस्कार देने की घोषणा की है।

विसर्जन झाँकी के दौरान भाजपा शहर मंडल के मंच पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सुरेन्द्रसिंह बन्नोंआना, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेन्द्र भाई पटेल, महेन्द्र अग्रवाल, अमित जैन, राजनारायण चंदेल, मोहनलाल शर्मा, विनीत यादव, विनय बंसल, भागवत नामदेव, सत्यप्रकाश मिश्रा, विरेन्द्र सोनी, विजेन्द्र ठाकुर, श्याम तिवारी, सरफराज नवाज, मोंटी भाटिया, कैलाश सोनवानी, अमन जनबंधु, ओमप्रकाश साखरे, शिवांगी साखरे, अजय शर्मा, रूपेन्द्र इंदुरकर, कन्हैया अग्रवाल, जैन कुमार मेश्राम, हरीश मोटघरे, नागेन्द्र परिहार, आवेश निगम, रामकृष्ण कनौजिया, प्रकाश नरेडी, लोकेश इंदुरकर, अनिता इंदुरकर, राजेश राघोरते, रेखा राघोरते, मेनका राजेश कंडरा, मधु अग्रवाल, नुरूद्दीन मिठानी, मयंक डोंगरे उपस्थित थे। निर्णायक द्वारका शर्मा, मनोज गुप्ता, दिलीप भाई, हीरालाल मौर्य थे। प्रथम पुरस्कार विनर क्लब भगतसिंह चौक 7001रूपए, द्वितीय स्टार क्लब बुधवारी पारा 5100 रूपए, तृतीय थाना चौक 3100 रूपए, सांत्वना पुरस्कार गरीबी रेखा डोंगरगढ़ को प्रदान किया जाएगा। सभी समितियों को पूर्व में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भारती, पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे, शहर मंडल अध्यक्ष श्री बन्नोंआना, पालिका उपाध्यक्ष श्री वर्मा ने 11-11 हजार प्रदान किया।

### बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति

विसर्जन के दौरान बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंच के सामने से झांकिया गुजरते हुए महाबीर तालाब पहुंची। वीर क्लब गणेश उत्सव समिति शुक्रवारी पारा, बाल गणेश उत्सव समिति महावीरपारा, तारण पिपलेश्वर गणेश उत्सव समिति थाना चौक, गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति कक्कड़ गोदाम, विनर क्लब गणेश उत्सव समिति भगतसिंग चौक, प्रगति मंडल गणेश उत्सव समिति हास्पिटल चौक, स्टॉर क्लब गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा, आदर्श गणेश उत्सव समिति ठेठवार पारा, केपी व्यायस गणेश उत्सव समिति कंडरापारा, शिव शक्ति गणेश उत्सव समिति, राधिका नगर, जागो युवा एकता संगठन गणेश उत्सव समिति बधियाटोला, सांई गणेश उत्सव समिति डिपरापारा, सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालकापारा आदि सम्मलित हुई। कुलदीप साहू, विश्वनाथ यादव एवं बीपी चन्द्राकर के निर्णय अनुसार ट्रस्ट समिति ने प्रथम स्थान गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति कक्कड़ गोदाम को रनिंग शील्ड, 15 हजार, द्वितीय स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा को रनिंग शील्ड, 11 हजार, तृतीय पुरस्कार विनर क्लब गणेश उत्सव समिति भगतसिंग चौक को रनिंग शील्ड, 9 हजार दिया गया। विशेष पुरुस्कार तारण पिपलेश्वर गणेश उत्सव समिति थाना चौक को 21 सौ दिया गया। अन्य सभी 10 मंडलियों को 15 सौ रूपए दिया गया। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, पीताम्बर स्वामी, महेन्द्र परिहार, बबलू शांडिल्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, महेन्द्र भाई पटेल, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिदंल, गौतम चोपड़ा, संजीव गोमास्ता आदि मौजूद थे।

## इनाम मिलने से आयोजक समितियां उत्साहित



### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गणेश उत्सव झांकी में पुरस्कार वितरण किया।प्रथम पुरस्कार 51 सौ, द्वितीय 31सौ और तृतीय पुरस्कार 21 सौ रुपए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने दिया। आयोजन में जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज़ खान ने विशेष सहयोग दिया। निर्णायक सेवानिवृत शिक्षक आरनसिंह ठाकुर, बलराम साहू, मदन ठाकुर थे। निर्णायक मंडल के निर्णय अनुसार प्रगति मंडल बुधवारीपारा तृतीय, गरीबी रेखा समिति द्वितीय और स्टार क्लब बुधवारीपारा ने प्रथम स्थान रही। सभी को नगद राशि एवं मोमेंटो दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष विजयराज सिंह, सुरेश सिन्हा, सुदेश मेश्राम, संध्या देशपांडे, शिशुपाल भारती, रिम्मी भाटिया, इंद्रपाल सिंह, बबलू शांडिल्य, कृष्णा, लिल्हारे, शेखर सोनी, रवि बाघमारे, के विनायक राव, राहुल यादव, जयकिशोर अंबादे, हरीश भंडारी, मुकेश सहारे, मनोज साहू, बब्बू भाटिया, किरण मेश्राम, ओमप्रकाश महानदी, कृष्ण गुप्ता, मनोहर कंडरा, एडविन हैदर, दिनेश साखरे, नितेश लारोकर, दशरथ ठाकुर, सनी भाटिया, प्रजेश सहारे, राकेश टंडन, अरुण ग्वाला, मो सदीक, पंकज सोनी, सुमित खोब्रागड़े, निधि गजभिए, तरुण फूले, गजेंद्र साहू, हरप्रीत भाटिया, अमन उजवने, बबलू खोब्रागड़े, मो जावेद, इमरान अहमद, पवन मधुमटके, नरेश करसे, केशव टांडी, मनोज मेश्राम, सुरेश चौधरी आदि मौजूद थे।

### हजारों के लिए जलपान

एक अनुमान के अनुसार अंचल के 15 से 20 हजार लोगों ने टकटकी लगाकर झांकियों को निहारा।गणेश विसर्जन झांकी देखने आए श्रद्धालुओं के लिये निःशुल्क चाय,नाश्ता और पानी की व्यवस्था की गई थी। इसी प्रकार श्री मारुति नंदन भक्ति समिति बुधवारी पारा ने रात भर निःशुल्क चाय की व्यवस्था किया था। मंच के माध्यम से विसर्जन झांकी समितियां को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। बाबा टेकरी वाले मज़ार कमेटी ने गोल बाज़ार में झाँकी देखने वाले दर्शकों को पूरी रात पोहा वितरण किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष सरफ़राज़ नवाज़, हमीद गौरी, शेख नईम, मो कालिम, मो विजय कोटांगल, मो फिरोज, मो अरमान, मो अयान, मो अकबर , दुर्गा प्रसाद, नामदेव उपस्थित थे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, शहर अध्यक्ष जसमीत बन्नोंआना, महेंद्र पटेल, राजनारायण चंदेल, विनीत यादव , विनय बंसल, श्याम तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्रा, विजयकृष्ण सिंह, दिलीप बिंदल, विजय कोटांगले ने भी सहयोग करते हुए पोहा वितरण किया।

---

# कान्हे सड़क पर घुटने तक पानी, तीन मांग से लोगों की आवाजाही बंद

## समस्या हल नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

ग्राम हाथीकन्हार एवं चौकी चिल्हाटी मार्ग को जोडने वाली धरसा रोड में कान्हे तालाब के समीप घुटने तक पानी भरा हुआ है। सडक के पानी से डूबने के कारण आवाजाही ठप हो गई है। इस मार्ग पर आवागमन पिछले दो तीन महिने से रूका हुआ है। कान्हे के नागरिकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है।

नगर पंचायत के वार्ड 6 एवं 7 के सैकडो ग्रामीण इन दिनो ग्राम हाथीकन्हार एवं चिल्हाटी मेन रोड से आने जाने के लिए परेशानियों का सामना कर रहे है। यह मार्ग घुटने तक जलभराव होने के कारण से बंद है। कान्हे के नागरिक पिछले दो तीन महिनों से धरसा सड़क से पानी की निकासी की मांग कर रहे है लेकिन उनकी समस्या का निराकरण नही हो पा रहा है। पार्षद विनोद डेहरिया, गोपीचंद देवांगन, देवचंद पटेल, शिवरतन देवांगन, केतूलाल चंदेले, कौशल देवांगन, बेहरसिंह, बल्दूराम यादव, शिवचरण, राजेन्द्र मंडावी, सुरेशकुमार, रमेश मंडावी, गैंदसिंह मंडावी, हरीनारायण, अमरसिंह, रामबिलास, तितराम, भागवत देवांगन, मनोहर मंडावी, शोभूराम, उमेंदलाल, सदालाल पटेल, मंगतूराम, निर्मल देवांगन, सोबेलाल आदि ने बताया कि हाथीकन्हार जाने वाली धरसा रोड में महिनों से जल भराव की स्थिति है। उन्होंने बताया कि रोड पर तीन फीट पानी होने के कारण वाहनों की आवाजाही तीन महिने से बंद है। सडक पर पानी भरने के कारण कान्हे, धानापायली एवं सेम्हरबांधा के ग्रामीणों को हाथीकन्हार एवं चिल्हाटी मेन रोड में आने के लिए तीन किमी अधिक चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### सीसी सडक को बनाने की मांग

कान्हे के ग्रामीणों ने बताया कि कान्हे से ग्राम हाथीकन्हार की दूरी मात्र दो किमी. है जबकि कान्हे से चौकी चिल्हाटी मेन रोड का फासला एक से डेढ किमी. है। धरसा रोड में तीन फीट जल भराव होने से लोगों को हाथीकन्हार एवं मेन रोड चौकी चिल्हाटी या धान खरीदी केन्द्र जाने के लिए पहले चौकी आना पड़ रहा है इसके बाद ही वह हाथीकन्हार पहुंच रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि एक दशक पूर्व कान्हे से हाथीकन्हार धरसा सडक पर सीसी सडक निर्माण किया गया था। जिसे अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने सीसी सडक को पूर्ण करने की मांग की है।

# देश का विकसित राज्य होगा छत्तीसगढ़



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ रजत जयंती के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन

कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर गत दिनों विकसित छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता गायकवाड़ के मार्गदर्शन में किया गया। शुभारंभ नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबिधर साहू ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि सभापति रमेश यादव, सभापति प्रीति ताम्रकर, राजेश देवांगन, भूपेंद्र खोबरागढ़े, पार्षद रूपचंद रजक, मोरध्वज साहू, सरस्वती ढीमर, योगेश साहू, निकिता ताम्रकर, टिकेश्वर साहू, मृगलाल साहू, रानू भोमेश साहू थे।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ठाकुर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी तथा अधोसंरचना विकास को लोगों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ विकसित राज्य के रूप में उभर कर सामने आएगा। विशिष्ट अतिथि निकिता ताम्रकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं कला का विकास जिस गति से हो रही है जिससे छत्तीगढ़ का भविष्य उज्ज्वल रहेगा। रमेश यादव ने छत्तीसगढ़ के मूलभूत सुविधा पर अपना विचार रखा। श्रीमती ताम्रकर ने छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सपना हो रहा साकार

मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के निर्माण के समय जो सपना संजोया था वह साकार होता दिख रहा है। इस मौके पर अतिथियों को श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन प्रो बीआर चंद्रवंशी एवं आभार व्यक्त आईक्यूएसी प्रभारी प्रो मनोहर बोकडे ने किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. कोमल सिंह सार्वा थे। अध्यक्षता प्रचार्य डॉ ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ ईव्ही रेवती एवं लोक बाबू थे। संगोष्ठी में डेकेश्वर, रितेश पटेल, हेमप्रकाश एवं त्रिवेणी ने पेपर वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमलता गायकवाड़ एवं आभार प्रदर्शन प्रो बीआर चंद्रवंशी ने किया। इस मौके पर बीआर चन्द्रवंशी, मनोहर बोकड़े, अरूण साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, नम्रता परिचर्चा, डा कविता यद्रु, राजेश चक्रधारी, सीमा एक्का, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रीति साहू, रूपेश बंसोड, व्ही गौतम राव आदि उपस्थित थे।

### खिलेश्वरी, प्रीति का प्रयास स्कूल में चयन

**भंडारपुर।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंडारपुर की दो छात्राओं का चयन प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। व्याख्याता राघवेंद्र सिन्हा ने बताया कि खिलेश्वरी वर्मा एवं प्रीति साहू ने कठिन परिश्रम और योग्यता के बल पर इस मुकाम को हासिल किया है। खिलेश्वरी ने कक्षा दसवीं में 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सातवां स्थान हासिल किया था। इसी प्रकार प्रीति साहू ने दसवीं में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।





### वनोपज प्रबंधन का प्रशिक्षण



**बांधाबाजार।** समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला ने 5 एवं 6 सितंबर को सामुदायिक वन संसाधन उपज प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनंदा मोहुर्ले, समन्वयक जयदेव मोहुर्ले, रिसोर्स पर्सन धनंजय ठाकरे शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रशिक्षक श्री ठाकरे ने ग्रामसभा सबलीकरण आधारित एक खेल की गतिविधि कराया जो बेहद प्रशंसनीय था। उन्होंने ग्रुप चर्चा के माध्यम से गौण वनोपज की जानकारी लिखने कहा। उन्हे बचाने का प्रयास, संकलन और भंडारण, प्रसंस्करण के उपाय के बारे में बताया। उन्होंने वनोपज की उपयोगिता और महत्व की भी जानकारी दी।

---

जन-जन तक पहुंची शिक्षा, जीवन में आया सुधार

# 25 सालों में बदली छत्तीसगढ़ की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने पर स्थानीय नवीन महाविद्यालय में रजत जयंती समारोह का आयोजन प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निर्देशन में 8 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम में बीते 25 सालों में शिक्षा के विकास और आए बदलाव को रेखांकित किया गया।

शुभारंभ और स्वागत की औपचारिकता के बाद प्राचार्य ने अपने उदबोधन मे उच्च शिक्षा के विकास एवं बीते 25वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव के लिए किए गए प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में ज्योति तिवारी ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने प्रेरित किया।



इस दौरान कालेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष टामेश्वर साहू ने कहा कि राज्य स्थापना के पूर्व जिस विकास की परिकल्पना लोगों को थी उसे पूरा करने की दिशा मे निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बीते 25 सालों की उपलब्धियों को छात्रों के सामने रखा। पूर्व प्राचार्य डॉ एनके लहरे ने आजादी के बाद छत्तीसगढ़ की विकसित कला, संस्कृति और शिक्षा

### दिखा कला का विविध रूप

कार्यक्रम में कालेज की देवयानी, सरस्वती, नेहा, वेनुका, पूजा आदि छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। मुरली साहू ने शिक्षा के संदर्भ में अपने विचार साझा किया। नोमिन ने आदिवासी संस्कृति एवं रिति -रिवाज पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। वेनुका, पूजा, वासनी, दुर्गा ने नृत्य प्रस्तुत किया। सरपंच ललिता साहू, जनपद रेशम साहू ने सरकार की कार्य योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनोन्मुखी कार्यों को कार्यान्वित किया जाएगा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने शिक्षा के महत्व को उजागर करते हुए छात्रों को पढने प्रेरित किया।

### राजगीत के साथ समापन

आयोजन का समापन राज गीत के साथ हुआ। संचालन वाणिज्य शिक्षिका शुभि जैन एवं आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, चानुराम, हीरालाल सोनकर, भैयालाल साहू, फेरूखराम इंदोरिया, टिकेश्वरी, अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश सहारे, चन्द्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, डा संजु सिंह, कंचन साहू, डा काव्या जैन, हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# शिक्षकों ने मंत्री को सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

## कहा : आदेश पर नहीं हो रहा अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, संगठन सचिव शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, अनिल मेश्राम, राजेश साहू, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, आदित्य तिवारी, किसन देशमुख, माधव साहू आदि ने गत दिनों लंबित समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं जिला अध्यख गोपी वर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 से पूर्व भर्ती शिक्षकों का नियमितीकरण अब तक नहीं हुआ है। सेवा में वर्षों गुजार चुके शिक्षक अस्थायी कर्मी की तरह काम कर रहे हैं। 20 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को समयमान वेतनमान और एलपीसी का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा पारित आदेश का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी से शिक्षकों में गहरी नाराज़गी है। संघ ने मांग की है कि रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति दी जाए, प्रयोगशाला, पीटीआई, कला, संगीत और अन्य विषयों के शिक्षकों की भर्ती सुनिश्चित की जाए। शनिवार को विद्यालयों का संचालन सुबह किया जाए शिक्षकों और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

## सार समाचार

### जोरातराई (ब) में 22 से चंडी महायज्ञ

**राजनांदगांव।** ग्राम जोरातराई(ब) में 22 से 30 सितंबर तक चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति एवं ग्रामवासी तैयारियों में जुट गए हैं। आयोजन के प्रवचनकर्ता पं. सूर्यकांत तिवारी (गोढ़ी निवासी) होंगे। वहीं यज्ञकर्ता पं. सौरभ पांडेय (काशी उत्तरप्रदेश) रहेंगे। महायज्ञ में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें जिला पंचायत सभापति व सदस्य शीला टाकेश सिन्हा भी शामिल होंगी। कार्यक्रम में कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगा। आगामी 22 सितंबर को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, यज्ञ आरंभ, महात्म्य, 23 को हयग्रीव अवतार, शुकदेव एवं व्यासजी का जन्म, 24 को श्रीराम द्वारा देवी यज्ञ, भुवनेश्वरी देवी का सुदर्शन पर कृपा, 25 को नर-नारायण अवतार, श्रीकृष्ण चरित्र, 26 को महिषासुर, शुम्भ-निशुम्भ वध, 27 को वृत्तासुर संवाद, विष्णुजी का अवतार, एक वीर का जन्म, 28 को नारद विवाह, हरीशचंद्र कथा, तुलसी विवाह, 29 को सती चरित्र, पार्वती जन्म कथा, चढ़ौत्री एवं शोभायात्रा, 30 को जन्मेजय द्वारा देवी यज्ञ, गायत्री सहस्त्रपाठ, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं प्रसाद वितरण होगा। आयोजन समिति की कमान अध्यक्ष विनोद यादव संभाल रहे हैं। आयोजन समिति ने आसपास के गांव एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं से शामिल होकर चंडी महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की है।



### लायंस क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा लायन डेन में 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में संलग्न शिक्षक-शिक्षिकाएं बहुत कठिन परिश्रम करती है और कच्ची मिट्टी को तराशकर इसका एक रूप गढ़ती है। छोटे बच्चे भी अपनी लगन के साथ समाज में ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं। अतिथि राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती उषा किरण के परिचय को रखते कहा कि 75 वर्ष की आयु में भी वे अत्यंत सक्रिय हैं। उन्होंने अमलेंदु हाजरा को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताते उनके विधिक सेवाओं तथा विधि महाविद्यालय में पूर्व प्राध्यापक के रूप में उनकी ख्याति एवं कर्मठता की सराहना की। उन्होंने डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव के संयुक्त सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के रूप में किए गए कार्यों को भी रेखांकित किया। इस दौरान 75 वर्षीय उषा किरण झा, डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, अमलेन्दु हाजरा, नेहा यादव, मंजूषा चोपड़ा को स्मृति चिन्ह व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अंत में लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### झेरिया यादव समाज की बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, चौकी-मोहला-मानपुर की संयुक्त बैठक 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे से यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में आयोजित है। महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा किया जाएगा। ज्योतिषराम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष समेत सेवकराम यादव, शिवकुमार यादव, पन्ना यादव, शत्रुघन यादव, विष्णु यादव, नरसिंग यादव, अनेश्वर यादव, सतदेव यादव ने अपील की है कि जिला के सभी पदाधिकारी, संरक्षकगण, सभी परिक्षेत्र के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के सभी अधिकारी पदाधिकारी, सदस्यगण कार्यक्रम को सफल बनाने सहयोग प्रदान करें।

### टप्पा स्कूल में शिक्षक छात्र मैत्री भोज आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टप्पा में गत दिवस शिक्षक दिवस पर टप्पा में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक तीनों शालाओं के शिक्षकों और छात्रों के मध्य मैत्री भाव के संचार के लिए शिक्षक छात्र मैत्री भोज का आयोजन किया। व्याख्याता विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा अपने दिवंगत पिताश्री भदरु रंगारी के जन्मदिवस 5 सितंबर एवं दिवंगत माताश्री दुखियाबाई रंगारी की पुण्य स्मृति में लगभग 450 की संख्या तीनों शालाओं के शिक्षकों के अनन्य सामूहिक सहयोग से आयोजित किए जाने वाले मैत्री भोज का आयोजन किया गया।



### भाजपा नेता पारख ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता के दिवंगत होने के पश्चात शोकाकुल खोब्रागढ़े परिवार से मिलने और सांत्वना सह-श्रद्धांजलि अर्पित करने जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिष्ठितजनों का आगमन हो रहा है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और बीस सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख भी श्रद्धांजलि अर्पित करने व परिवार को संवेदना व्यक्त करने निवास पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि ईश्वर के आगे सब नतमस्त हैं। सब को मृत्यु की घड़ी से गुजरना ही होगा। ज्ञात हो कि श्रीमती अर्चनाबाई खोब्रागढ़े का 29 अगस्त को निधन हो गया। वो लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रही। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। दिवंगत श्रीमती अर्चनाबाई खोब्रागढ़े जो कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी थी, जिन्हें बौद्ध समाज के वरिष्ठ नेताओं के रूप में प्रदेश में पहचाना जाता है। वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े व एफएम रेडियो संगवारी के संचालक शिशुपाल खोब्रागढ़े की माता है। श्रद्धांजलि व संवेदना व्यक्त करने खूबचंद पारख के साथ पार्षद रानू जैन, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन आदि उपस्थित थे।



### मेजबान दुर्ग की एक तरफा जीत

**राजनांदगांव ।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन हॉकी 19 वर्ष बालक-बालिका में मेजबान दुर्ग संभाग का दबदबा रहा। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेले गए बालिका वर्ग में बिलासपुर ने रायपुर को 4-1 गोल से, सरगुजा ने बस्तर को 6-2 गोल से व मेजबान दुर्ग ने रायपुर को एक तरफा मैच में 13-0 गोल से पराजित किया। वहीं बालक वर्ग में बिलासपुर ने रायपुर को संघर्षपूर्ण मैच में 2-1 गोल से, सरगुजा ने बस्तर को 3-0 गोल से एवं मेजबान दुर्ग ने रायपुर को 14-0 गोल से आसानी से हराकर अंक बटोरे।

## सर्वोच्च प्राथमिकता देते नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं कराएं उपलब्ध

# नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने वाले अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते गंभीरतापूर्वक नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर भुरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर शासकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया है। उन्होंने निःशुल्क शिविर की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित निजी नर्सिंग होम हॉस्पिटलों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी नर्सिंग होम हॉस्पिटलों में नर्सिंग होम एक्ट का पालन सुनिश्चित होना चाहिए। नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने वाले नर्सिंग होम पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर भुरे ने साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर पात्रतानुसार समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ अवलोकन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर भुरे ने जिले में संचालित स्मॉल एवं माईक्रो फायनेंस बैंकों की बैठक लेकर




### रजत महोत्सव की तैयारियां शुरू

कलेक्टर भुरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित गतिविधियों को आयोजित कर उसे पोर्टल में नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभागीय 25 वर्षों की उपलब्धियों को भी अपलोड करने कहा। कलेक्टर ने अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदंडों के अनुरूप सभी विभाग को अपने विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### 2 अक्टूबर को गांवों में शिविर

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं से जनजातियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। इसके लिए विशेष तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### गिरदावरी कार्य में लाए गति

उन्होंने सभी एसडीएम को गंभीरतापूर्वक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन गिरदावरी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना, भू-बंटन के प्रकरणों की स्थिति, जल जीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में केसीसी का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए।

### जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष संघ का गठन, डॉ राजेश्री बनीं जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- जनपद संघ के विकास को नई दिशा देने का संकल्प लिया

जिले के दोनों जनपद पंचायतों के निर्वाचित जनपद सदस्यों ने जनपद संघ का गठन किया है जिसमें सर्वसम्मति से खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जनपद पंचायत खैरागढ़ और छुईखदान के निर्वाचित सदस्यों ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर जनपद संघ की नवीन कार्यकारिणी के गठन पर आपस में रायशुमारी बाद समंवय बनाकर खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष, राजू जंघेल छुईखदान को जिला उपाध्यक्ष और जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू खैरागढ़ को महामंत्री चुना गया वही छुईखदान जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। चुनाव सर्वसम्मति से सभी सदस्यों के बीच सौहार्दपूर्ण और सहयोगी भावना के साथ हुआ। सभी सदस्यों ने नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में जनपद संघ के विकास को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

## तीरंदाजी के लिए खिलाड़ी चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

पाटन में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने तलवारबाजी में सेजेस विद्यालय के 2 छात्र छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए हुआ है। भावना झारिया सेजेस की कक्षा 9वी एवं शनि शुक्ला कक्षा 8वी के छात्र है। दोनों का चयन राष्ट्र स्तरीय तलवारबाजी के लिए हुआ है। उन्हे कोच अजयकुमार एवं पीटीआई जनक लाल साहू ने प्रशिक्षित किया है। जानकारी के अनुसार शनि शुक्ला के पिता दिलीप शुक्ला अधिवक्ता एवं पत्रकार है।नंदिनी पटेल सरपंच दशरथ पटेल की पुत्री है। सेजेस के तीनों खिलाड़ियों ने 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता पाटन में शानदार प्रदर्शन किया।भावना झारिया ने व्यक्तिगत इवेंट में रजत पदक एवं टीम इवेंट में स्वर्ण पदक,नंदनी पटेल ने टीम इवेंट में रजत पदक,शनि शुक्ला ने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल एवं टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया। पदक हासिल कर लौटने पर गांव में उत्साह के साथ स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य विनीत दास, प्राचार्य बहादुर खुशरो, नरेंद्र पटले, सौरव सिंह, जनक साहू, श्रद्धा साहू आदि उपस्थित थे।

## घटिया पुल निर्माण के खिलाफ उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई से 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गोकना की नदी पर करोड़ों की लागत से बने रपटा कम स्टाप डेम की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रूखमणी देवांगन के प्रतिनिधि कृष्णा देवांगन ने सिंचाई विभाग के एसडीओ को पत्र लिखकर इस निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

अपने शिकायत पत्र में श्री देवांगन ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल पर कोई भी सूचकांक बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे यह पता नहीं चल पा रहा है कि इस परियोजना की लागत कितनी थी, ठेकेदार कौन था, और निर्माण की शर्तों में क्या-क्या शामिल था।



### गारंटी पीरियेड में है

उक्त निर्माण कार्य गारंटी में है यदि कोई समस्या हो तो उसे ठीक करवाया जाएगा साथ ही उन्होंने दोबारा सूचकांक बोर्ड लगवाने की बाते कही।

- **अविनाश नायक,** एसडीओ, सिंचाई विभाग

### कई खामियां

उन्होंने आगे कहा कि इस पुल का निर्माण जनवरी 2025 में पूरा हुआ था, लेकिन सिर्फ आठ महीने में ही इसमें कई खामियां दिखने लगी हैं। पुल के ऊपर और उससे जुड़ी सड़क से गिट्टियां उखड़ रही हैं, जो इसकी कमजोर गुणवत्ता को दर्शाती है। श्री देवांगन ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, आयुक्त और जिला कलेक्टर को भी भेजी है, ताकि इस मामले की गंभीरता से जांच हो सके।

## कॉलेज के शिक्षकों का सम्मान

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय जालबांधा में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षकों का सम्मान किया। प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने कहा कि इस महाविद्यालय के सभी शिक्षक हमेशा सहयोग करने तैयार रहते है सभी लाभ उठाते हुए शिक्षा के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां, जागरूकता कार्यक्रम आदि में वर्चस्व बनाने का प्रयास करते रहे। इसी तारतम्य में संजय देवांगन ने परीक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने हेतु विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।विद्यार्थियों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाषण व कविता प्रस्तुत किया। सभी शिक्षकों को श्रीफल एवं पेन भेंट किया गया। अंत में विद्यार्थियों के निवेदन पर अतिथि व्याख्याता डॉ नवीन सिंह राजपूत ने मोर छैया भुइया गीत गाकर समा बांधा। कार्यक्रम में रितेश बंजारे, नेमू साहू, रविप्रकाश चतुर्वेदी, मासूम वर्मा, पूजा देवांगन, नेलम दीवान एवं शीला बंजारे आदि उपस्थित थे।



## अध्यक्ष- उपाध्यक्ष संघ के अध्यक्ष बने संजय

- विकास के नए आयाम के लिए काम करने का किया जाएगा प्रयास

**छुरिया।** जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को जिला अध्यक्ष- उपाध्यक्ष संघ का सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं डोंगरगांव जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिले के अधीन आने वाले राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ ब्लाक के जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों की बैठक गत दिनों आयोजित की गई थी जिसमें पदाधिकारियों का चयन किया गया। श्री सिन्हा एवं श्री ने सभी अध्यक्षों- उपाध्यक्षों को आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायतों के कार्यशैली में कसावट के साथ विकास के नए आयाम के लिए काम करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रतिमा चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव, लता सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत डोनरगढ़, रंजिता पड़ोती अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव, अनिता सिन्हा, हीराराम वर्मा, प्रशांत ठाकुर उपस्थित थे।





# बच्चों की पढ़ाई में अध्यापिका नहीं दिखा रही रुचि, ग्रामीणों ने किया स्कूल का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- अं. चौकी विखं के सेंटर स्कूल का हालात ऐसा कि अक्षर ज्ञान नहीं बच्चों को

विगत 16 वर्षों से अं. चौकी विकासखंड के हाथीकन्हार प्राथमिक शाला में पदस्थ अध्यापिका के रवैये से हलाकान ग्रामीणों ने अंततः स्कूल का बहिष्कार कर दिया है। शिक्षिका के खिलाफ विभिन्न आरोपों के साथ कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर आज ग्रामीण पालक लामबंद होते हुए सुबह से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा है।

अंबागढ़ चौकी नगर से 2 किमी दूर ग्राम हाथीकन्हार प्राथमिक शाला की दुर्दशा को लेकर ग्रामीण पालकों ने 2 सितंबर को जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को लिखित पत्र प्रेषित कर पदस्थ अध्यापिका के संबंध में शिकायत में कहा गया है कि गांव के प्राथमिक शाला में पदस्थ पिंकी भारद्वाज 2008 -09 से स्कूल में सहायक अध्यापिका के पद पर हैं, जो बच्चों के अध्यापन में रूचि नहीं दिखा रही है। विगत कई वर्षों से स्कूल में पढ़ाई नहीं होने से उनके बच्चों का भविष्य लगातार गर्त में जा रहा है। यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को अक्षर ज्ञान नहीं है। पढ़ाई में गांव के बच्चे बहुत पीछे हैं। ग्रामीणों ने शिकायत पर कहा कि इस सत्र में स्कूल खुले तीन माह हो गया है, संबंधित शिक्षिका एक पाठ भी नहीं पढ़ाई है, स्कूल का स्तर देख गांव के अन्य गरीब मजदूर परिवारों के आधे से ज्यादा बच्चे अंबागढ़ चौकी नगर के निजी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। वर्षों से स्कूल की लिपाई-पोताई व मरम्मत तथा साफ-सफाई नहीं कराया गया है। अध्यापिका शैक्षणिक कार्य के लिए स्कूल नियमित नहीं आती है। ग्रामीणों ने शिकायत में आशंका व्यक्त किया है कि सरकारी स्कूल के संचालन व रख-रखाव के लिए शासन द्वारा स्वीकृत राशि का भी गड़बड़ी किया गया है। आज प्राथमिक शाला में बच्चों की एक साथ अनुपस्थिति की जानकारी मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी एसके धीवर, बीआरसीसी संतोष पांडे स्कूल पहुंचे, मामले की जानकारी ली। साथ ही पालकों से चर्चा कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं।




### लिया गया संज्ञान

पूरे मामले का संज्ञान लिया गया है। उचित कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है। जल्द ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- **एसके धीवर,** विखं शिक्षा अधिकारी अं. चौकी

### गांव के स्कूल में पढ़ाई नहीं, दर्द में ग्रामीण

विगत कई सालों से स्कूल का रंग-ढंग देखकर अपनी खुशियों को मारकर हाथीकन्हार के आधे से ज्यादा श्रमिक ग्रामीण प्राथमिक स्तर की पढ़ाई के लिए अपने बच्चों को अंबागढ़ चौकी नगर के प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव के स्कूल में उनके बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकार सब कुछ कर रही है, परंतु अध्यापिका ही नहीं पढ़ा रही है बच्चों को। ग्रामीण एकमत होकर शिक्षिका के विरूद्ध प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई चाहते हैं।

## शिक्षक प्रजापति राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित

**खैरागढ़।** राजभवन 5 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह मे जिले के शिक्षक राजेश कुमार प्रजापति को अनुकरणीय कक्षा अध्यापन और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राज्यपाल रमेन डेका ने राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। राष्ट्रीय शिक्षक-कल्याण प्रतिष्ठान छग इकाई द्वारा प्रशस्ति-पत्र, शॉल, प्रतीक चिंह व सम्मान राशि प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, लोक शिक्षण संचानालय एवं एससीईआरटी के संचालक ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अतिथि मौजूद थे। गौरतलब है कि खैरागढ़ ब्लाक के प्राथमिक शाला के नवाचारी शिक्षक राजेश कुमार प्रजापति वर्तमान में छुईखदान ब्लाक के मरदकठेरा प्राशा में प्रधान पाठक है। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, संस्कारयुक्त शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य, शिक्षा में नवाचारी प्रयोग करने, शिक्षण सहायक सामाग्री के साथ शिक्षा देना, पढ़ाने के तरीकों में नवाचार को अपनाकर खेल-खेल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान चर्चा, योग-व्यायाम, स्मार्ट कक्षा, कामिशिबाई थिएटर, पीएलसी सदस्यों के द्वारा चर्चा, सामुदायिक सहभागिता, पालक संपर्क कौशल उन्नयन पर कार्य, स्वच्छता अभियान, शीडबाल निर्माण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सह-संज्ञानात्मक क्षेत्र के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, मूर्तिकला, बाल-संसद, विद्यालय में स्वच्छता पर कार्य, कबाड़ से जुगाड़, शिक्षक्षण सहायक सामागी निर्माण, मोहल्ला क्लास, बस्तामुक्त कक्षा, क्रियात्मक शोधकार्य, आनलाइन क्लास, आजादी का अमृत महोत्सव, समर कैम्प, जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रजापति इसके पहले मुख्यमंत्री शिक्षादूत सम्मान सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं से सम्मानित किए जा चुके है। उनकी निस्वार्थ सेवा भावना इस बात से भी पता चलता है जब उन्होंने शिक्षादूत अलंकरण सम्मान में मिली पूरी राशि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए समर्पित कर दी। इस उपलब्धि पर डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ खैरागढ़ नीलम सिंह राजपूत, बीईओ छुईखदान रमेन्द्र डड़सेना, एबीईओ किशोरी लाल अमेला, एबीईओ गिरेन्द्र सुधाकर, शिक्षक कन्हैया पटेल, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, दुष्यंत कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।



## खबर संक्षेप

### विधि विधान से पूजा अर्चना कर गणेश विसर्जन किया

**हरिभूमि कोलेगांव।** गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ.. गणपति जी अब अपने गांव जा रहे हैं और उन्हें विदा करते हुए बाल गणेश उत्सव समिति दुल्लापुर के बालक बालिकाएं खुशी और दुखी होकर अपनों के साथ अनंत चतुर्दशी का त्यौहार हर वर्ष गणेश उत्सव का समापन प्रतिमा विसर्जन के साथ किया। जिसमें समस्त क्षेत्रवासी ने श्री गणेश से ग्राम की सुख, शांति व समृद्धि साथ समस्त भक्तगणों के जीवन सुखमय जीवन की कामना के साथ श्री गणेश गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। इस दौरान ग्राम दुल्लापुर वासी व क्षेत्रवासी व आचार्य प्रशांत शर्मा ने विसर्जन की शुभकामनाएं दी।

# छात्राओं ने बनायी मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती के अवसर पर नगर के कन्या हॉयर सेकेण्डरी विद्यालय में शनिवार को मूर्ति कला प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं तक छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर मिट्टी के बहुत ही आकर्षक श्री गणेश की मूर्तियां बनाएं एवं दीप प्रज्वलित कर फूलों से सजावट किए गए।

जिस पर मिट्टी के गणेश अभियान से प्रेरित होकर लगभग 30 छात्राओं ने मिट्टी के गणेश प्रतिमाएं बनाई और संकल्प लिया कि उनका विसर्जन वे कृत्रिम कुंड या गमले में ही करेंगे। जिससे पर्यावरण की सुरक्षा की जा सके और उन्होंने विघ्नहर्ता श्री गणेश से सदबुद्धि और सद्भावना के लिए प्रार्थना की। वहीं ईको क्लब एवं सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका शैल बिसेन ने इस आयोजन हेतु छात्राओं को मार्गदर्शन दिया और प्रेरित करते हुए, कहा कि मिट्टी से मूर्ति बनाकर यदि उन्हें नदी और तालाब में भी विसर्जित करें तो भी जल प्रदूषित नहीं होगा, जबकि खतरनाक रसायन युक्त रंग और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी हुई प्रतिमा हमारे जल स्रोत को लगातार दूषित करते जा रहे हैं। इसलिए हम सभी को यह शपथ लेना चाहिए कि पर्यावरण की संरक्षण के लिए हमें मिट्टी के ही प्रतिमा बनानी चाहिए।

संस्था के प्राचार्य एनके एक्का ने सभी छात्राओं के रचनात्मक प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के उत्साह में वृद्धि व उनकी छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती है। इस प्रतियोगिता के आयोजन में आरके मेहरा, सीपी डाहिरे, मानसिंह यादव, तिवारी लाल चेल्से, एकता सिंह, भारती सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का पूरा योगदान रहा।

### चित्रकला व मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से शैक्षणिक, सामाजिक प्रेरणादायक संदेश दिया



रजत जयंती वर्ष 2025 के थीम पर शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, तकनीकी, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक, सांस्कृतिक समस्याओं से संबंधित आकर्षक चित्रों और आधुनिक मार्केटिंग व ब्यूटी वेलनेस के मॉडल की प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें चित्रकला के रंगों द्वारा छात्राओं ने अपनी भावनाओं और प्रतिभाओं को बखूबी प्रदर्शित किया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर एवं बीआरसी अर्जुन चंद्रवंशी ने छात्राओं के आयोजित प्रदर्शनी की बहुत सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से संवरेगा नगर पंचायत इंदौरी

# इंदौरी में अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए मिली करोड़ों रुपए की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा की सक्रियता एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर



प्रयासों से पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों और नगरों में अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। सोमवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सड़क, हाईमास्क लाइट, रंगमंच निर्माण, नाली निर्माण जैसे विभिन्न अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति अधोसंरचना मद के अंतर्गत मिली है।

इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई दी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, उनका जीवन स्तर बेहतर हो, ग्रामीण क्षेत्र और नगर विकसित बनें एवं क्षेत्र की आर्थिक प्रगति हो इसी लक्ष्य और उद्देश्य के साथ प्रदेश की डबल इंजन भाजपा सरकार कार्य कर रही है। नगर पंचायत इंदौरी में प्रकाश व्यवस्था, सड़क, नाली, रंगमंच और सौन्दर्यीकरण जैसे विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है, इसके पूर्व भी करोड़ों के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी नगर पंचायत इंदौरी को मिली है।

जिससे क्षेत्र में जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित हुआ है। हाल ही में इंदौरी में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु 2 करोड़ वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य, सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं विभिन्न अधोसंरचना निर्माण और विकास कार्यों के लिए अब-तक 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति नगर पंचायत इंदौरी के विकास को नई गति दे रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहे हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

वहीं शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को लगातार मिल रही है।

### कुल 19 विकास निर्माण कार्यों की मिली मंजूरी

नगर पंचायत इंदौरी में कुल 19 विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति मिली है। जिसके तहत गांधी चौरा, पुराना बाजार चौक, रंग मंच निर्माण, वार्ड क्रं. 12 में मेन रोड से अटल परिसर वार्ड तक स्ट्रीट लाईट, मेन रोड चौक के पास मोर इंदौरी चौक निर्माण, वार्ड क्रं. 10 में मेन रोड से नहर पारा एवं रत्न साहू के घर तक स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रं. 02 में लाला चन्द्रवंशी के मकान से नहर पारा तक झलमला रोड स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रं. 07 में पुराना बाजार चौक से नगर पंचायत से मानिकचौरी रोड तक स्ट्रीट लाईट, अटल परिसर से मुख्य चौक तक स्ट्रीट लाईट, वार्ड क्रं. 13 मंगीलाल के घर से कुंआ तक एवं छोटे रगरा के पास नाली निर्माण, संतोष डहरिया से भुनी गोंड एवं मेन बस स्टैण्ड से कोसमंदा पुल तक हाफ राउण्ड नाली निर्माण, शासकीय बोर से कुमार टेलर के घर तक हाफ राउण्ड नाली निर्माण, छोटे रगरा से गुरु घासीदास मंदिर से शिवकुमार धृतलहरे के घर तक हाफ राउण्ड नाली निर्माण, वार्ड क्रं. 02 में नहर चौक के पास हाईमास्क लाईट, वार्ड क्रं. 12 में पुराना सोसायटी चौक के पास हाई मास्क लाईट, वार्ड क्रं. 11 में इंदिरा आवास के पास हाई मास्क लाईट, वार्ड क्रं.9 जिनेन्द्र के घर के पास हाई मास्क लाईट, गुरुघासीदास मंदिर के पास हाई मास्क लाईट, अटल परिसर के पास हाई मास्क लाईट, छोटे रगरा में गुरूघासी दास मंदिर से शिवकुमार धृतलहरे के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं।

# विधायक भावना ने सुनी सेंदूरखार ग्रामीणों की समस्याएं, शीघ्र समाधान का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर



गत दिनों रविवार को सुंदर वनांचल क्षेत्र के ग्राम सेंदूरखार के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण जनों ने उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निज-निवास में भेंट-मुलाकात कर ग्राम के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिनमें सर्व प्रथम ग्राम में पेयजल आपूर्ति के साथ ग्राम ढोलढोली में आगर नदी पर उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण की मांग रखी गई। जहां बरसात के दिनों में बाढ़ के कारण अनेकों ग्राम के लोगों को आवागमन की विशेष समस्या होती हैं।

उल्लेखनीय है कि यह आगर नदी जिस प्रधानमंत्री सड़क के ऊपर से बहती है, वह सड़क न सिर्फ वनांचल के विभिन्न पहाड़ी ग्रामों को थाना, तहसील एवं जिला मुख्यालय से जोड़ती है बल्कि यह छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली प्रमुख मार्गों में से एक है। यहां से सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन विद्यार्थी, शिक्षकों के साथ अनेक जरूरतमंद ग्रामीण जन आवागमन करते हैं। इन सभी के साथ एक और विशेष बात रही वह थी सरईपानी-दादर में बाक्साइड क्षेत्र जहां भविष्य में खनन करने की है। उक्त प्रभावित भाग के किसानों की मांग है कि उन्हें सरकार पहले जमीन के बदले जमीन दे फिर बाक्साइड का खनन करे जिससे उनके जीवकोपार्जन का साधन बन सके। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं और मांगों के लिए लिखित आवेदन सौंपा। जिस पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने उक्त सभी मांगों व समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर जनहित में जल्द समाधान की आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम सेंदुरखार के भाजपा बूथ अध्यक्ष तिहारी सिंह धुर्वे, दालचंद मानिकपुरी सचिव, सुरेन्द्र मराठा भाजपा कार्यकर्ता, भागवत दास मानिकपुरी पूर्व सरपंच सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### कामठी स्कूल में साक्षरता जन-जागरूकता रैली निकाली गई



**हरिभूमि कुई कुकदूर।** विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया, इस अवसर पर व्याख्याता तुलसराम चंद्राकर के मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षको व बच्चों द्वारा साक्षरता जन-जागरूकता पोस्टर हाथ में लेकर व साक्षरता नारा लगाते हुए रैली निकालकर ग्रामीणों को साक्षरता के प्रति जन-जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर व्याख्याता मनोज कुमार, आदित्य, राजेश शर्मा, हीरालाल छापरीया, तुलसराम चंद्राकार, कोमल घृतलहरे, शिक्षक यशवंत खूंखार, सुमित पांडेय, सीताराम यादव, संतान सिंह व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### सुधार कार्य के अभाव में स्ट्रीट लाइट वर्षों से बंद



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के चौक चौराहा, मंदिर व सार्वजनिक स्थल पर लगा हुआ सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट सुधार कार्य के अभाव में पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है। आज वर्षो से मांग करते आ रहे हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा मरम्मत कार्य नहीं नहीं करवाया जा रहा है। जिसके कारण लाखों रूपए की लागत से लगा सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी है। जो कि रहवासियों ग्रामीणों को चिढ़ा रहा है। बताया जाता है कि छोटी-छोटी मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है, तीज त्यौहारों के सीजन में ग्राम कोलेगांव के गली मोहल्ले व चौक चौराहा अंधेरा ही अंधेरा होने से आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए जल्द से जल्द वर्षो से बंद पड़े सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट की सुधार कार्य की मांग की गई ताकि ग्राम पंचायत कोलेगांव रहवासियों को सुविधा मिल सकें।

# एक दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 4 स्वर्ण, 5 रजत, 6 कास्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कराते एसोसिएशन के तत्वाधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 7 सितम्बर को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा-रायपुर मे आयोजन किया गया। जिसमे राज्य के अलग-अलग जिलों से 335 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में शामिल हुए।



वहीं राज्य स्तरीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने को 4 स्वर्ण, 5 रजत, 6 कास्य पदक प्राप्त किए। जिसमें काता वर्ग में प्रथम स्वस्ति शर्मा, द्वितीय अंशिका चन्द्रवंशी, सुचित्रा सिंह, तृतीय आदविक राय, प्रेरणा सिंह राजपूत, कुमिते वर्ग में प्रथम प्रेरणा सिंह राजपूत, दिव्यांशी खुसरे, वैभव साहू, द्वितीय स्थान माही केराम, आदविक राय, नित्य श्रीवास व तृतीय स्थान उर्वी चन्द्रवंशी, अंशिका चन्द्रवंशी, एकांश चन्द्रवंशी, सुधांशु चंद्रवंशी इसके अतरिक्त रेयांश झारिया, वंश चौधरी, काव्यांश साहू, लक्ष्य मरावी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ी नियमित रूप से करपात्री विद्यालय में अभ्यास करते है। सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के पदक प्राप्त करने पर कबीरधाम जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण, अभिभावक गण एवं सभी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

### जल संरक्षण हेतु शिक्षक तुलस चंद्राकर की शानदार पहल



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम महली निवासी शिक्षक तुलस चंद्राकर जो कि वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में पदस्थ हैं, इनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में ग्राम के युवा साथी के साथ मिलकर जल संरक्षण पर अभियान चलाया और गांव के पानी जो इधर-उधर निकल जाते थे, उन सभी पानी को तालाब की ओर ले जाने का एक प्रयास किया और आज ऐसा स्थिति आ गया है कि ग्राम महली के तालाब पैठू पूरे जलमग्न हो गया है। शिक्षक की इस शानदार पहल की सभी सराहना कर रहे हैं। लगातार शिक्षक तुलस अपने ग्राम महली में सामाजिक कार्य करते रहते हैं जिसके तहत जल संरक्षण पर्यावरण बचाओ अभियान गांव के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करना बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना मजदूरों का सम्मान करना इस प्रकार से गांव में अनेक सामाजिक कार्य से जुड़े रहते हैं इसकी सराहना पूरे ग्रामवासी और क्षेत्रवासी कर रहे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202509080100/अ 2 वर्ष 2024-25
ग्राम-परभाटोला

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम परभाटोला को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा "कॉम्पलेक्स निर्माण" के लिए "व्यवसायिक प्रयोजन" हेतु अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यवपर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र. 1, आवेदक/आवेदिका का नाम श्री लालाराम लांझे पिता/पति का नाम श्री सुखराम, जाति अहिरवार, ग्राम का नाम- परभोटाला, खसरा नं. 78/10, कुल रकबा 0.265 हे. लगान 0.60 रु. प.ह.नं. 28

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 18/09/2025 को प्रातः 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 04/09/2025
पेशी दिनांक- 18/09/2025

मुहर
(सागर सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला

### गौवंशो को पहनाई गया रेडियम बेल्ट

# सड़क हादसे में कमी लाने पशु विभाग व गौ-सेवकों की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

मंगलवार को पशु विभाग पोंड़ी की टीम ने एक सराहनीय पहल करते हुए नगर में घूम रहे गौवंशों की सुरक्षा के लिए उन्हें रेडियम बेल्ट पहनाई गई। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि को रोकना और रात के समय वाहनों से गौवंशों की टकराने की घटनाओं को कम करना है। रेडियम बेल्ट पहनाने के दौरान पोंड़ी पशु औषधालय के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी सिटीलाल कुर्रे, ड्रेसर डोंगरू पटेल, परिचालक भोजराम, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल बोड़ला प्रखंड संयोजक वेद साहू, गौ-रक्षा प्रमुख लल्ला यादव, स्थानीय गौसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा।

पशु विभाग की टीम और गौ-सेवकों ने मिलकर पोंड़ी बस स्टैण्ड, मुख्य मार्गों में घूम रहे 30 से अधिक गौवंशों को चिन्हित कर उनके गले में रेडियम युक्त बेल्ट बांधी, जिससे रात के समय वाहन चालक उन्हें दूर से देख सकें और सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम जन और पशु दोनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। आगे भी इस तरह की मुहिम चलाकर अधिक से अधिक पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाई जाएगी।

# कवर्धा में पितृ पक्ष की शुरुआत, कचहरी पारा वासियों ने किया सामूहिक पितृ तर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

श्राद्ध पक्ष (पितृ पक्ष) के शुभारंभ के साथ ही पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। नगर के कचहरी पारा वासियों ने मंगलवार को सकरी नदी तट स्थित रामघाट पर सामूहिक रूप से पितृ तर्पण कर अपने पितरों को स्मरण किया। इस अवसर पर पं कैलाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ तर्पण कराया।

उन्होंने बताया कि पितृ पक्ष में तर्पण करना हमारे पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने का महत्वपूर्ण कर्म है। मान्यता है कि इस अवधि में पितृलोक के द्वार खुलते हैं और श्राद्ध कर्म करने से पितृ प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धापूर्वक जल, तिल, अक्षत और पिंडदान अर्पित कर पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस सामूहिक आयोजन में कचहरी पारा के अनेक परिवारों ने सहभागिता निभाई और एकजुट होकर अपनी परंपरा को निभाया। तर्पण करने सकरी नदी तट पहुंचने वालो में संजय तिवारी शैलेन्द्र उपाध्याय, दीपक विश्वकर्मा सहित अन्य कचरी पारा मोहल्ले वासी गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप




### शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दो खिलाड़ी चयनित

**बोड़ला।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से दो छात्रा का का चयन किया गया। जिसमें यशोदा मेरावी कक्षा 12 वीं एवं दुर्गा यादव कक्षा 10 वीं शामिल हैं जो राजनादगांव में 9 सितम्बर 2025 से 13 सितम्बर 2025 तक आयोजित प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। स्कूल के प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी ने बताया कि वे हमेशा खेल में अपना योगदान देते रहते है। उन्होने बताया कि स्कूल से अभी तक जिला स्तरीय में 220 खिलाड़ी और जोन स्तरीय में 145 खिलाड़ी भाग ले चुके है। हॉकी में राज्य स्तरीय के लिए चयनित 2 खिलाड़ी अभी राजनादगांव स्टेड में अपनी खेल प्रतिभा का जोहर दिखने के लिए तैयार है। स्कूल के प्राचार्य एवं सभी शिक्षक शिक्षकों ने इन चयनित खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षक ब्रिजेश चंद्रवंशी और हिमांशु चंद्रवंशी द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### पिपरिया स्कूल में मनाया गया साक्षरता दिवस

**पिपरिया।** शासकीय पीएमश्री (सेजेस) हिन्दी माध्यम एमएस पिपरिया में राष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम मनाया। शिक्षक बिहारी दास वैष्णव, विज्ञान शिक्षक ने बताया कि प्रथम साक्षरता दिवस 08 सितंबर 1967 को पहली बार मनाया गया था। शिक्षा और साक्षरता से लोगों में जन जागरुकता लाने का प्रयास किया। देश में साक्षरता मिशन (उल्लास) के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को साक्षर करना तथा निरक्षर को साक्षर बनाना है। इसी कड़ी में स्कूल के विघार्थियों के माध्यम से उनके पालक या माता पिता जो अनपढ़ या निरक्षर हैं उन्हें उनके बच्चों को प्रेरित किया है, बच्चे अपने पालक को अक्सर ज्ञान व मात्रा ज्ञान कराने तथा उन्हें पढ़ना व लिखना सीखाने राजी हुए। विघार्थियों ने पढ़ना लिखना के महत्व को समझा।

### घटना स्थल से काफी दूर मिला बच्चे का शव

# बाढ़ प्रभावित नाला में बहे बच्चे की मौत, मां व दो बच्चे सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भले ही कवर्धा नगर में दन दिनो लोगों को चटख धूप और उमस भरी भारी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जहां तक जिले के पंडरिया क्षेत्र के पहाड़ी व वनांचलों की बात की जाए तो यहां जबरदस्त बारिश देखने को मिल रही है। आलम ये है पहाड़ों में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते स्थानीय नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया है और वे उफान मार रहे हैं।

बताया जाता है कि कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत अमनिया के आश्रित ग्राम डेंगुरजाम में ऐसे ही बाढ़ प्रभावित नाले में मंगलवार की शाम एक पांच वर्षीय बच्चे के बह जाने से उसकी मौत हो गई। जबकि बच्चे की मां और उसके दो बच्चे बाल-बाल बच गए। मृतक बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अमनिया के आश्रित ग्राम डेंगुरजाम निवासी राजेश पिता स्व. लुंगसी बैगा आयु 5 वर्ष मंगलवार की शाम करीब 4.00 बजे अपनी मां और दो भाईयों के साथ कही जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान बच्चों की मां ग्राम डेंगुरजाम मार्ग में पड़ने वाले एक बाढ़ प्रभावित नाला को अपने तीनो बच्चों के साथ पार कर रही थी।

लेकिन बाढ़ प्रभावित नाला पार करते समय दुर्भाग्य से तीन में से एक बच्चे राजेश का हाथ मां के हाथ से छूट गया और वह नाला में बह गया। जबकि मां और दो अन्य बच्चे बाल-बाल बचते हुए नाला के किनारे आ गए। बाद में घटना की जानकारी ग्रामीणों तथा कुकदुर पुलिस को दी गई।

लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने घटना स्थल से कुछ दूरी पर बच्चे को खोज निकाला लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और बच्चे की मौत हो चुकी थी। पुलिस बच्चे का शव बरामद कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

#### बाढ़ प्रभावित नदी, नालों में न बेरिकेट न रोकटोक



यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के पंडरिया क्षेत्र के कई नदी नाले इस समय बारिश के चलते उफान मार रहे हैं और इन नदी, नालो में बने पुल, पुलिया, रपटा के ऊपर से बाढ़ का पानी बह रहा है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि प्रशासन इससे बेपरवाह है। इन बाढ़ प्रभावित मार्गो में न तो बेरिकेटिंग की गई है और न ही रोकटोक के लिए कोई कर्मचारी तैनात किया गया है।

# 6 पेटी शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार, जीरो टॉलरेंस नीति पर सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की है। अवैध शराब के इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 पेटी शराब जप्त की है।

गिरफ्त में आए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम प्राणकापा में कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम प्राणकापा तिराहा के पास दबिश देकर आरोपी मनीराम काठले आयु 19 वर्ष निवासी मानिकपुर, जिला मुंगेली तथा खेम कुमार लहरे आयु 19 वर्ष निवासी सारंगपुर, जिला मुंगेली को दबोच लिया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 6 पेटी देशी प्लेन शराब 290 पौवा, 52.200 बल्क लीटर, कीमत लगभग 23,200 रुपए तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

इस कार्यवाही पर पुलिस प्रशासन ने कहा कि पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य जिले से अवैध शराब व नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त करना है।

# बोड़ला नगर का डाकघर बदहाली का शिकार

### न कर्मचारियों को न उपभोक्ताओं को मिल रही हैं सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

आधुनिक तकनीक और डिजिटल युग के इस दौर में भी बोड़ला नगर का डाकघर मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आज पर्यंत तक नगर का अपना डाकघर भवन तक नहीं है। वर्षों पुराने किराए के जर्जर भवन में शाखा डाकघर संचालित हो रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि यहां कार्यरत कर्मचारी तक के बैठने की उचित जगह नहीं है। न तो कंप्यूटर है, न लैपटॉप। कर्मचारी मोबाइल फोन के सहारे किसी तरह कार्य करने को मजबूर हैं। यह परिस्थिति न केवल कर्मचारियों के लिए तकलीफदायक है, बल्कि आम जनता की आवश्यक सेवाओं को भी प्रभावित कर रही है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि शाखा डाकघर में रजिस्ट्री जैसी मूलभूत सेवा उपलब्ध नहीं है। रजिस्ट्री कराने के लिए आम जनता को 20 किलो मीटर दूर जिला मुख्यालय कवर्धा जाना पड़ता है। इससे लोगों का समय तो बर्बाद होता ही है, साथ ही अतिरिक्त खर्च का बोझ भी आम जनता पर पड़ता है। स्थानीय नागरिकों ने विभाग से मांग की है कि बोड़ला नगर में शीघ्र ही नया डाकघर भवन बनाया जाए और यहां सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। लोगों का कहना है कि जब सरकार डिजिटल इंडिया की बात कर रही है, तो छोटे-छोटे नगरों में भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उसकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।



# सागौन की अवैध कटाई पर वन विभाग की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश एवं वन मंडाधिकारी निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा सागौन की अवैध कटाई पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत कवर्धा परिक्षेत्र के बैरख परिसर में सागौन वृक्षों की अवैध कटाई की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। 05 सितम्बर को वन भ्रमण के दौरान 03 नग सागौन ठूठ पाए गए तथा मौके से 04 नग (0.274 घनमीटर) सागौन जब्त कर वन अपराध प्रकरण (पीओआर क्र. 21611/10) पंजीबद्ध किया गया। जब्त की गई वनोपज को परिसर रक्षक सुश्री मीना मेरावी की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में परिक्षेत्र सहायक बोड़ला एवं परिसर रक्षक बैरख को स्पष्टीकरण जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं नियमानुसार वसूली की जाएगी। साथ ही अपशिष्ट सामग्री एवं आरोपियों की पहचान हेतु अनुसंधान जारी है। वन विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की अवैध कटाई अथवा वन क्षति की सूचना तत्काल निकटतम वन अधिकारी को दें, ताकि शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# कवर्धा नगर में 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वामी बाबा रामदेव के स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के सपनों को साकार करने कृत संकल्पित स्वामी नरेन्द्र देव के सानिध्य में 7 सितंबर से 1 अक्टूबर तक कवर्धा में योग का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सुरेश चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया की योग प्राणायाम को घर-घर तक पहुंचाने के लिए पूज्य स्वामी जी द्वारा पूरे देश में पतंजलि योग समिति के माध्यम से योग प्रशिक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यह शिविर कवर्धा में आयोजित किया गया है। यहां से शिविरार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने गांव, मोहल्ले में योग कक्षा संचालित कर सकेंगे। 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण में स्वामी नरेंद्र देव ने नगर के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में भाग लेकर तथा सहयोग शिक्षक बनकर स्वयं योग करने और लोगों को योग से जोड़ने का आव्हान किया है।

# कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया साक्षरता रथ किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में मनाए जा रहे साक्षरता सप्ताह के तहत मंगलवार को साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह , जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव, विकासखंड परियोजना अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद डड़सेना, अजय चंद्रवंशी एवं ब्लॉक तथा जिले के कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने किया।

# पत्रकारों ने विधायक से की मुलाकात, पंडरिया प्रेस क्लब भवन के लिए भूमि आबंटन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

पंडरिया प्रेस क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने आज कवर्धा के लालपुर रोड स्थित विधायक निवास पर विधायक भावना बोहरा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान, पत्रकारों ने पपंडरिया प्रेस क्लब भवन के लिए भूमि आबंटन और राशि स्वीकृति की मांग रखी।

विधायक बोहरा ने इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि प्रेस क्लब भवन पत्रकारों के लिए आवश्यक है और इसके लिए वे जल्द ही कलेक्टर से चर्चा कर प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में सकारात्मक कदम शीघ्र ही उठाए जाएंगे। इसके अलावा प्रतिनिधि मंडल ने पंडरिया तहसील के कोदवागोड़ान क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग भी रखी। श्रीमती बोहरा ने इस मांग का समर्थन करते हुए बताया इसके लिए वे स्वयं प्रयासरत हैं शीघ्र ही अच्छे परिणाम का आश्वासन दिया। लगभग घंटे भर की सैहाद्रपूर्ण मुलाकात में चाय के बीच चर्चा के दौरान पत्रकारों ने वनविनाश और वन क्षेत्रों में वनविभाग की भूमिका,सहित पी एम जन मन छात्रावास तथा सड़क निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर भी उनका ध्यान आकर्षित किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रेस क्लब अध्यक्ष हिमांशु ठाकुर, उपाध्यक्ष अतुल बरगाह, सचिव गुरुनाम छाबड़ा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी और वरिष्ठ सदस्य रविनंदन पाण्डेय सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे।



### शिखर युवा मंच एवं जीव दया फाउंडेशन की सराहनीय पहल, तीन गांवों में बांटे गए वस्त्र

# वस्त्र वितरण से खिले वनांचल में संचालित पोषण केन्द्र के बच्चों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों के पोषण और समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए, शिखर युवा मंच और जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से ग्राम लब्दा, कुरलुपानी और कोमो में विगत 2 वर्षों से पोषण केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं। इन तीनों पोषण केन्द्रों में कुल 75 बच्चे है जिनमें बालिकाएं 38 तथा बालक 37 पंजीकृत हैं, जिनमें 3 वर्ष से कम आयु के बालकों की संख्या 9, 3 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं की संख्या 9, 3 से 5 वर्ष आयु के बालकों की संख्या 28 एवं 3 से 5 वर्ष आयु की बालिकाओं की संख्या 29 हैं, जिन्हें नियमित रूप से कार्यकर्ताओं द्वारा दूध एवं बिस्कुट उपलब्ध कराए जाते हैं तथा खेलों के माध्यम से उन्हें शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जाता है तथा प्रत्येक 3 माह में अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों का मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें बच्चों के वजन, ऊंचाई एवं पोषण स्तर की जानकारी एकत्रित की जाती है, इस निरंतर प्रयास से बच्चों के पोषण स्तर एवं शैक्षिक स्तर में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। इसी क्रम में अगस्त 2025 माह में संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के मार्गदर्शन में बच्चों को ट्रैक सूट, लोवर, टी-शर्ट एवं सैंडल वितरित किए गए। नए कपड़े और सैंडल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनकी आंखों में उत्साह और मुस्कान साफ झलक रही थी, मानो उन्हें एक नया आत्मविश्वास और अपनापन मिल गया हो। इस अवसर पर अभिभावकगण, पंचायत प्रतिनिधिगण एवं शिखर युवा मंच की टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों का स्वस्थ और खुशहाल बचपन ही समाज के सुदृढ़ भविष्य का निर्माण करता है। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के प्रत्येक बच्चे को उचित पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा मिले। यह पहल केवल कपड़े या भोजन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके आत्मविश्वास, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का कार्य है।




# ग्राम प्रभारी एवं स्वयंसेवी शिक्षक अक्षर सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के 46 स्वयं सेवी शिक्षक एवं ग्राम प्रभारी प्रधान पाठकों को अक्षर सम्मान से सम्मानित किया। पूरे प्रदेश में 1 से 7 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह मनाया गया। कबीरधाम जिले में इसके समापन अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अक्षर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा ने 20 ग्राम प्रभारी प्रधानपाठकों, 20 स्वयंसेवी शिक्षकों तथा 06 मास्टर ट्रेनर्स को साक्षरता महा अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर यह सम्मान दिया। वर्तमान में पूरे देश में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है इस क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें इस वर्ष जो पचास हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य मिला है उसे तेजी के साथ पूरा करना है हमें इसके लिए रणनीति बनाकर पूरे जिले में इस प्रकार काम करना है कि कोई भी असाक्षर ना रहे। उन्होंने इस कार्य को तत्परता के साथ करते हुए लक्ष्य पूर्ति का संदेश दिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सम्मान पाने वाले सभी शिक्षकों एवं स्वयंसेवी भी शिक्षकों को बधाई दी।

